**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**15 अगस्त 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- आज 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र का नेतृत्व किया।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा और खून वो पानी एक साथ नहीं बहेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने रोहतक में तिरंगा फहराया और शहीदों व माँ भारती के वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किये।
- हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने अंबाला शहर और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने चण्डीगढ़ में ध्वजारोहण किया।
- चण्डीगढ़ के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में 18 अगस्त को अवकाश रहेगा।

***********************************************************************

राष्ट्र आज 79वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र का नेतृत्व किया। लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने वो कर दिखाया जो दशकों से नहीं हुआ था। श्री मोदी ने कहा कि भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने तय कर लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे।

उन्होंने कहा कि देशवासियों ने अब समझ लिया है कि सिंधु जल समझौता अनुचित था । इस समझौते के कारण भारत की नदियों का पानी दुश्मन के खेतों को सींचता रहा और हमारे देश

का किसान पानी के लिए तरसता रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली - सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया हथियारों सहित स्वदेशी क्षमता से भारत निर्णायक और स्वतंत्र कार्रवाई करने में सक्षम हुआ। यह स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी सहयोग पर निर्भर नहीं रह सकती। श्री मोदी ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रमुख रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों और मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस साल के अंत तक मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप आ जाएगी, जो प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की, जो स्वदेशी अंतरिक्ष क्षमताओं के एक नए युग का संकेत है।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर परेड से सलामी ली। मुख्यमंत्री ने कहा-

मुख्यमंत्री ने सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों, आजादी के परवानों और वीर सपूतों को सलाम किया।

उन्होंने कहा कि सब के लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा वासियों ने स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। सन् 1857 की क्रांति की पहली चिंगारी अम्बाला छावनी से ही फूटी। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण के लिए उठाए कदमों का जिक्र किया और कहा कि सरकार ने अग्नि वीरों को नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले साढ़े 10 वर्षों में प्रदेश की जनता को भेदभाव करने वाली व्यवस्था से आजादी दिलाई है। श्री नायब सिंह ने सेना के पराक्रम की प्रशंसा की और कहा कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से अपने शौर्य से पूरी दुनिया को भारत की सामरिक शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया।

**************************************************************************
हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष ने आज अंबाला शहर में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी । इससे पूर्व राज्यपाल ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने समारोह में युद्ध वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, आपातकालीन व हिन्दी आंदोलन में भाग लेने वाले महानुभावों को सम्मानित भी किया।
**************************************************************************
पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। श्री कटारिया ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महान स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर चंडीगढ़ के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में 18 अगस्त को अवकाश की घोषणा की।
**************************************************************************
हरियाणा में विभिन्न स्थानों से भी स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं। पानीपत में जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने तिरंगा फहराया और परेड से सलामी ली। इससे पहले मुख्य अतिथि ने शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्होंने शहीदों के परिवारों को सम्मानित भी किया। रेवाड़ी में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट का निरीक्षण कर परेड से सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला के विभिन्न स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। हिसार में भी स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने नूह में आयोजित कार्यक्रम में तिरंगा फहराया। जींद में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने समारोह के दौरान जिला के स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों, आपातकालीन पीड़ित व हिन्दी आंदोलन के सत्याग्रहियों को सम्मानित किया। इससे पूर्व उन्होंने शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रेखा शर्मा ने कहा -

**6. ---रेखा शर्मा --**

फतेहाबाद में आयोजित आजादी दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ध्वजारोहणकर परेड की सलामी। उन्होंने अपने संबोधन में शहीदों के बलिदान को सलाम

किया और केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट से सलामी ली । उन्होंने कहा कि आज हम शहीदों के बलिदान के चलते खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने भूतपूर्व सैनिक परिवारों को सम्मानित किया और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवा करने वाले कर्मचारी व अधिकारियों को पुरस्कृत किया। फरीदाबाद में खेल मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड से सलामी ली।

कुरुक्षेत्र के पिपली में आयोजित कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ध्वजारोहण किया। इससे पहले उन्होंने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पलवल में हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने ध्वजारोहण किया और भव्य परेड से सलामी ली। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने पंचकुला में तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में बच्चों ने पीटी व सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा स्वतंत्रता के महान सपूतों को नमन किया।

**************************************************************************